## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े महिला से बैग छीनकर बदमाश फरार

**शहडोल।** शहर में अपराधियों के हौसले इन दिनों लगातार बढ़ते जा रहे हैं, खासकर कोतवाली क्षेत्र में चोरों और झपटमारों के कारनामे थमने का नाम नहीं ले रहे। ताजा मामला बस स्टैंड का है, जहां दिनदहाड़े भीड़भाड़ के बीच बदमाश महिला के हाथ से बैग छीनकर फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि जिस ऑटो से महिला आई थी, उसका चालक भी घटना में शामिल पाया जा रहा है। जयसिंहनगर निवासी मालती कहार उम्र 55 वर्ष राखी बांधने अपने मायके नरसरहा शहडोल आई हुई थीं। त्योहार के बाद मंगलवार को उन्हें वापस लौटना था, जिसके लिए उनके भाई ने उन्हें ऑटो से बस स्टैंड भेजा। मालती ने बताया कि ऑटो में एक युवक भी सवार था। बस स्टैंड पहुंचने पर जैसे ही वह ऑटो से उतरीं और किराया देने लगीं, तभी ऑटो में बैठा युवक उनके हाथ से बैग झपटकर पैदल भाग गया। महिला के अनुसार ऑटो चालक ने दिखावे के लिए अपने ऑटो से बदमाश का पीछा किया, लेकिन कुछ दूर जाकर वही युवक दोबारा उसी ऑटो में बैठ गया और दोनों मौके से फरार हो गए। महिला पास की दुकान पर गई और घटना की जानकारी दुकानदार को दी। इसके बाद परिजनों को बुलाकर पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला के बैग में करीब 4 हजार रुपये नकद और चांदी के जेवर थे, जिसे आरोपी लेकर भाग निकले। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### सडक़ पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक

**उमरिया।** अनुविभागीय दंडाधिकारी पाली, अम्बिकेश प्रताप सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए ग्राम घुनघुटी से तुम्मीछोट की पहाड़ी सडक़ पर अग्रिम आदेश तक भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध सार्वजनिक परिवहन एवं शासकीय प्रयोजन के वाहनों पर लागू नहीं होगा।

### किराये की डिग्री पर चल रहा मेडिकल स्टोर

# मरीजों की जेब और जान पर दोहरी मार, स्वास्थ्य विभाग मूकदर्शक

**स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते वर्षों से किराये की डिग्री पर मेडिकल स्टोर बेखौफ संचालित हो रहे हैं। बिना योग्य फार्मासिस्ट के दवा बिक्री आम बात हो चुकी है, जिससे मरीजों की जान और जेब दोनों पर खतरा मंडरा रहा है। निजी अस्पतालों में मनमानी कीमत वसूली और विभागीय जांच के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई इस अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है।**



**शहडोल।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि वर्षों से किराये की डिग्री पर मेडिकल स्टोर खुलेआम संचालित हो रहे हैं, लेकिन आज तक किसी ने इनकी जांच होते नहीं देखी। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहर के बीचोंबीच तक, कई मेडिकल स्टोर बिना योग्य फार्मासिस्ट के दवा बेच रहे हैं। निजी चिकित्सालयों में स्थित मेडिकल स्टोर तो मरीजों को मनमानी दर पर दवाइयां थमा रहे हैं, फिर भी जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं।

**दवा का धंधा मुनाफे का सौदा** – जिले में बड़ी संख्या में ऐसे मेडिकल स्टोर संचालित हैं, जहां असली फार्मासिस्ट केवल कागजों पर मौजूद है। पंजीकृत फार्मासिस्ट मोटी रकम लेकर अपनी डिग्री मेडिकल स्टोर मालिकों को 'किराये' पर देते हैं और स्वयं कहीं और नौकरी या व्यवसाय कर रहे होते हैं। दुकान पर बैठने वाले व्यक्ति को दवाइयों के बारे में बुनियादी जानकारी तक नहीं होती, लेकिन वह बिना किसी रोक-टोक के जीवनरक्षक इंजेक्शन से लेकर प्रतिबंधित दवाओं तक बेच देता है। यह धंधा इतना संगठित है कि फार्मासिस्ट और दुकानदार के बीच तय रकम हर महीने 'फीस' की तरह अदा होती है। इस सौदे में दवा की गुणवत्ता, सही खुराक और मरीज की सुरक्षा की कोई अहमियत नहीं रहती।

**स्वास्थ्य विभाग का निरीक्षण केवल फाइलों में** – स्वास्थ्य विभाग के नियम साफ कहते हैं कि मेडिकल स्टोर का संचालन पंजीकृत और प्रशिक्षित फार्मासिस्ट ही करेंगे, लेकिन ज़मीनी सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। स्थिति यह है कि स्थानीय लोगों के अनुसार आज तक उन्होंने किसी मेडिकल स्टोर की जांच होते हुए नहीं देखी। स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण रजिस्टर भले ही पूरे हों, लेकिन ये आंकड़े हकीकत से मेल नहीं खाते। विभाग के अधिकारी अक्सर यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि स्टाफ की कमी के कारण नियमित निरीक्षण संभव नहीं है। जबकि हकीकत यह है कि जांच की कोई ठोस पहल ही नहीं की जाती। निलंबन और लाइसेंस रद्द करने जैसी कार्रवाई अधिकतर मामलों में सिर्फ कागजों तक सीमित रहती है।

**निजी चिकित्सालयों में मनमानी** – जिले के कई निजी चिकित्सालयों में स्थित मेडिकल स्टोर तो मरीजों से खुली लूट कर रहे हैं। डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाइयां अक्सर केवल उसी अस्पताल के स्टोर से उपलब्ध होती हैं, और उनकी कीमत बाजार से कहीं अधिक होती है। मरीज मजबूरी में दोगुनी-तीन गुनी कीमत चुकाने को विवश होते हैं। इस पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अब तक मौन हैं। न तो कभी बिल की जांच हुई, न ही दवाइयों की कीमतों की तुलना बाजार दर से की गई। यह स्थिति साफ दिखाती है कि अधिकारियों की चुप्पी अनजाने में नहीं बल्कि जानबूझकर बरती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस अवैध और मनमानी व्यवस्था पर लगाम नहीं कसी गई तो मरीजों की जेब के साथ-साथ उनकी जान पर भी खतरा मंडराता रहेगा।

**समाज भुगतेगा खामियाजा** – किराये की डिग्री पर मेडिकल स्टोर चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह लोगों की सेहत और जान से सीधा खिलवाड़ है। शहडोल जिले में स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता ने इस अवैध कारोबार को और बढ़ावा दिया है। अब जरूरत है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जागे, नियमित जांच करे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए इस 'डिग्री किराया प्रथा' को खत्म करे। वरना आने वाले समय में इसका खामियाजा पूरा समाज भुगतेगा।

# हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न

**शहडोल।** आजादी का अमृत महोत्सव और स्वच्छता की अलख को एक साथ जोड़ते हुए जयसिंहनगर में हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम ग्राम पंचायत चंदेला अंतर्गत ददराडोल में नव निर्मित अमृत सरोवर तालाब परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह शामिल हुईं। कार्यक्रम में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत जयसिंहनगर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती शिवानी जैन, सहायक यंत्री, उपयंत्री, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, एपीओ, जनपद पंचायत के अन्य कर्मचारी, ग्राम पंचायत चंदेला के सरपंच,





सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पेशा मोबिलाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अमृत सरोवर के निर्माण कार्य को स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रतीक के रूप में सराहा गया। इसी क्रम में सान्दीपनि विद्यालय, जयसिंहनगर में भी हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के तहत एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के साथ ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल, एसडीएम सुश्री काजोल सिंह, आनंदराय सिन्हा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य शहडोल, जयश्री कचेर, संजय गुप्ता, सातिका तिवारी, निर्मल द्विवेदी, सीईओ जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती शिवानी जैन, बीईओ जयसिंहनगर राजेन्द्र तिवारी, प्राचार्य सान्दीपनि विद्यालय राजीव तिवारी, अन्य जनप्रतिनिधि, विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वच्छता के महत्व और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ वातावरण और राष्ट्रप्रेम दोनों ही देश की प्रगति के लिए अनिवार्य हैं। बच्चों ने देशभक्ति गीत और स्वच्छता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। दोनों आयोजनों ने न केवल स्वच्छता और देशभक्ति का संदेश दिया, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती उषा सिंह ने किया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा संपन्न





**शहडोल।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर मंडल शहडोल में भारतीय जनता पार्टी की ओर से भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति का अद्भुत उत्साह और एकता का अनूठा संदेश देखने को मिला। यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा और नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ने किया। यह यात्रा शहीद स्मारक से प्रारंभ होकर पंचायती मंदिर, जैन मंदिर होते हुए गांधी चौक पर सम्पन्न हुई। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह मौजूद रहीं। तिरंगा यात्रा में नगर मंडल के पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। मार्ग में देशभक्ति गीतों और नारों की गूंज से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और भी बढ़ गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, संतोष लोहानी, शीतल पोद्दार, राजेंद्र भारती, पार्षद राकेश सोनी, पार्षद सुशील रजक, सिल्लू, पिंकू शुक्ला, अंकुश शर्मा, सुशील शर्मा, रविंद्र वर्मा, सुनील मिश्रा, पपला खटीक, शोभित वर्मा, नगर उपाध्यक्ष मधु गौतम, ऋतुराज गुप्ता, गोपाल शर्मा, संचिता सर्वटे, राकेश सैनी, सोनू जैसवाल उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर महामंत्री नागेंद्र गोले, अनमोल सोनी, नगर मंत्री अंजना गुप्ता, राजेश सोनी, सीमा सराफ, राकेश कनौजिया, आयुष पाण्डेय, चन्द्रकान्त दुबे, नगर कोषाध्यक्ष अमन खरया, सह-कोषाध्यक्ष प्रयाग महाजन, नगर कार्यालय मंत्री अंकित सराफ, सह-कार्यालय मंत्री मोहित कुमार गुप्ता, नगर सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र वर्मन, सह-प्रभारी आदित्य पाण्डेय, नगर मीडिया प्रभारी अमित दुबे, सह-मीडिया प्रभारी अजय मोटवानी, नगर कार्यालय प्रभारी प्रदीप गुप्ता, नगर आईटी सेल प्रभारी लवकेश तिवारी, भाजपा आईटी सेल नगर संयोजक राजेश सिंह चौहान सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी में देशप्रेम का जज़्बा साफ झलक रहा था। यात्रा के अंत में गांधी चौक पर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से देश की एकता, अखंडता और विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। यह यात्रा न केवल राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का प्रतीक बनी, बल्कि शहर में सामूहिकता और देशभक्ति का संदेश भी लेकर आई।



खबर संक्षेप

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बीमा राशि का किया गया वितरण

**उमरिया।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2024-25 एवं पिछले मौसमों के फसल बीमा राशि की पहली किस्त का वितरण 11 अगस्त 2025 को माननीय केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग एवं मुख्यमंत्री राजस्थान शासन द्वारा राजस्थान के झुनझुनु में एक समारोह में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशो के कृषकों के साथ उमरिया जिले के कृषकों को भी 7 करोड़ 17 लाख राशि रूपये सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किया गया। जिले के अऋणी कृषकों से है कि खरीफ फसलों हेतु बीमा का अंतिम तिथि 14 अगस्त है। उप संचालक कृषि ने अधिक से अधिक अऋणी कृषक भाई अपने क्षेत्र में अधिसूचित फसलो का बीमा कराने के लिये सी.एस.सी. सेन्टर, जिला सहकारी बैंक, ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक से जाकर बीमा करायें। अधिक जानकारी के लिये किसान कृषि रक्षक पोर्टल हेल्प लाईन नं. 14447 पर संपर्क करें।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आम जनो की समस्याएं

**उमरिया।** कलेक्टर धारणेन्द्र कुमार जैन ने जनसुनवाई में जिले के दूर दराज से आये लोगो की समस्याओं को सुना तथा निराकरण के लिए आवेदन संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में नेमलाल सिंह ग्राम महुरी ने अतिक्रमण हटाने, मोती बैगा डोडगवा ने स्थाई पट्टा दिलाने, चन्द्रिका प्रसाद विश्वकर्मा कछरवार ने अतिक्रमण हटाने, संदीप साहू ग्राम ओबरा ने पी आवास के अंतर्गत मकान निर्माण में लगी आपत्ति कि जांच कराकर आपत्ति हटाने, रोशन द्विवेदी ग्राम पथरहठा ने मूक बधिर कोटे से रोजगार दिलाने, कंधी चौधरी ग्राम लोरहा ने मजदूरी दिलाने, सुखमंती ग्राम गिठौरी ने विधवा पेंशन का लाभ दिलाने हेतु आवेदन किया। जनसुनवाई में एस डी एम बांधवगढ़ कमलेश नीरज , डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर उमरिया करेंगे ध्वजारोहण

**उमरिया।** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड उमरिया में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे । तत्पश्चात पीटी ,परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम पश्चात मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों के व्दारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियो, पुलिस कर्मियों का सम्मान किया जाएगा।

## भण्डारे के साथ अखण्ड मानस पाठ का समापन



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना परिसर हनुमान मंदिर में दो दिवसीय अखंड मानस पाठ एवं रामायण का आयोजन सोमवार सुबह दस बजे पूजन पश्चात प्रारंभ किया गया था। स्थानीय रामायण मंडली के द्वारा 24 घंटे का अखंड मानस पाठ किया गया जो निरंतर चलता रहा। मंगलवार को अखंड मानस पाठ के समापन उपरांत मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के नागरिकों के साथ ही आसपास क्षेत्र से बडी संख्या मे श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## महिलाओं ने रखा बहुरा चौथ का व्रत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मंगलवार को भाद्रपद के चतुर्थ को बहुला चौथ व्रत महिलाओं ने रखकर दोपहर में गौ माता की पूजा की गई। वहीं रात्रि में चंद्रमा देखने के पश्चात दर्शन-पूजन चंद्रमा की। गौरी-गणपति की पूजा कर बच्चों व परिजनों की कुशल क्षेम की कामना की गई। इस व्रत को नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से एवं पूरे विधि-विधान से मनाया जाता है। गुरुवार को हलषष्ठी पर्व मनाया जाएगा।

### कमिश्नर के नेतृत्व में निकाली गई हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता रैली

# तिरंगा हमारी आन बान शानः कमिश्नर

### घर पर तिरंगा फहराएँः कलेक्टर





**उमरिया।** प्रदेश सरकार के आव्हान पर जिले में भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत तिरंगा रैली , बाइक तिरंगा रैली निकाली जा रही है, तथा आम जनो को अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने के साथ ही स्वच्छता को अपनाने की अपील की जा रही है। उक्त आशय के विचार कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शासकीय उमावि विद्यालय ताला से आयोजित तिरंगा रैली कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है। रैली का मुख्य उद्देश्य की तिरंगे के महत्व को हर नागरिक को बताना है। लोगों के मन में राष्ट्र के प्रति राष्ट्रीयता की भावना को जगाने के लिए या रैली निकाली जा रही है। रैली स्कूल से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार पहुँची। रैली में सभी ने अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर सभी से अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की । कार्यक्रम के शुभारंभ पर स्कूली बच्चियों ने कमिश्नर शहडोल संभाग का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते हुए राखी बांधी। कलेक्टर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक भारतीय परिवार को गर्व से भारतीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करके एकता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देना है। 2-15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए, घर पर तिरंगा फहराएँ और एकता, गौरव और राष्ट्रवाद के रंगों का जश्न मनाएँ जो हमें एक सूत्र में बाँधते हैं। इस अवसर आईजी अनुराग शर्मा, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीता राम , सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम टी.आर.नाग, एसडीओपी नागेन्द्र प्रताप सिंह, सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्र त्रिपाठी, सरपंच ताला सालिहा बानो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस कंट्रोल रूम से निकाली गई बाईक तिरंगा रैली

# तिरंगा हमारे देश का गौरवः कलेक्टर









### नगरवासी अपने अपने घरों में तिरंगा लहराएः पुलिस अधीक्षक

**उमरिया।** जिला मुख्यालय के पुलिस कंट्रोल रूम से कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के नेतृत्व में विशाल बाईक तिरंगा रैली निकाली गई । यह रैली पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ हुई जो नया बस स्टैंड, धावड़ा कालोनी, आर सी स्कूल , एन एच 43 हाईवे, घंघरी नाका ब्रिज, घंघरी नाका, खलेसर नाका, खलेसर, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक, पुराना बस स्टैंड , रानी दुर्गावती चौक होते हुए वापस पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची जहां पर रैली का समापन किया गया । रैली में सभी ने हाथो में राष्ट्रध्वज लेकर आम जनों को अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि तिरंगा झंडा देश का गौरव है । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान के साथ हर घर स्वच्छता के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है । उन्होने नगरवासियों से अपील की है कि वे प्रदेश शासन के इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं और देश के प्रति प्रेम प्रकट करें । पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि नगरवासियों के अंदर देश के प्रति भावना जागृत करने के उद्देश्य से यह विशाल तिरंगा रैली निकाली गई है । उन्होने कहा कि यह अभियान देश के युवाओ के दिलों में देशभक्ति की भावना का संचार करेगा । एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर मे लगाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबध्द्ता को भी दर्शाता है । पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को शपथ दिलाई कि मैं अपने घर में तिरंगा झण्डा फहराऊँगा एवं देश के स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करूँगा, और भारत के विकास एवं प्रगति तथा स्वच्छता के प्रति स्वयं को समर्पित करूँगा। बाईक रैली में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अतिरिक्तम पुलिस अधीक्षक सीता राम, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, डिप्टी् कलेक्ट्र हरनीत कौर कलसी सहित बड़ी संख्यां में पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे ।



### हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्टेडियम ग्राउंड से निकाली गई तिरंगा रैली

**उमरिया।** जिला मुख्यालय के स्टेडियम ग्राउंड से कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के नेतृत्व में हर घर तिरंगा , हर घर स्वच्छता अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई । यह रैली स्टेरडियम ग्राउंड से प्रारंभ हुई , जो रणविजय चौक, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक से अस्पताल तिराहा होते हुए वापस स्टेडियम ग्राउंड पहुंची जहां पर रैली का समापन किया गया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने शपथ दिलाई कि मैं



शपथ लेता हूँ कि मैं अपने घर में तिरंगा झण्डा फहराऊँगा एवं देश के स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करूँगा, और भारत के विकास एवं प्रगति तथा स्वच्छता के प्रति स्वयं को समर्पित करूँगा।

रैली के माध्यम से आम जनों को अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की। इस अवसर पर सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एस डी एम बांधवगढ़ कमलेश नीरज , सी एम ओ किशन सिंह, असुतोस अग्रवाल, मिलिथेश मिश्रा, धनुषधारी सिंह, विनय मिश्रा, दीपक छत्तवानी, राजेन्द्र तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन महापर्व मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) अंतर्गत मधुबन क्लब में सोमवार को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के उत्सव से सराबोर हो उठा। रक्षाबंधन महापर्व मिलन समारोह का भव्य आयोजन यहां धूमधाम से किया गया। जिसमें नगर और आसपास के क्षेत्रों से आई हजारों बहनों ने कोतमा विधायक एवं कुटीर उद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल को राखी बांधकर उनके दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में बहनों का उत्साह देखने लायक था। सैकड़ों बहनें पारंपरिक परिधान में सजीं, हाथों में थाल सजाकर मंत्रोच्चार के साथ राखी बांधते हुए भाई-बहन के रिश्ते की अटूट डोर को और मजबूत करती नजर आईं। मंत्री दिलीप जायसवाल ने बहनों को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया और कहा "रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे समाज में विश्वास, सुरक्षा, सम्मान और प्रेम का प्रतीक है। हम सबका कर्तव्य है कि बहनों की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।" समारोह में दीप प्रज्वलित कर किया गया, मंत्री को राखी बांधते समय गीत-संगीत ने उत्सव का माहौल और भी जीवंत कर दिया। नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन, महिला समूह और बच्चों की भारी मौजूदगी से कार्यक्रम स्थल खचाखच भरा रहा। मंच का सफल संचालन धर्मेंद्र सिंह अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा जिला अनूपपुर के द्वारा किया गया। मंत्री दिलीप जायसवाल के साथ प्रमुख रूप से उपस्थित जनों में भागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय राजनगर प्रेमचंद्र यादव, यशवंत सिंह, नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष, अजय सराफ अध्यक्ष नगर पालिका कोतमा, सहबिन पनिका अध्यक्ष नगर पालिका बिजुरी, रेनू सुरेश कोल अध्यक्ष नगर परिषद डोला, रवि शंकर तिवारी उपाध्यक्ष डोला, सुश्री कंचना मेहता उपाध्यक्ष नगर परिषद डूमरकछार, मंडल अध्यक्ष बिजुरी रिंकू शर्मा, मंडल अध्यक्ष कोतमा पुष्पेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष राजनगर कमलेश चतुर्वेदी, रश्मि खरे (महिला मोर्चा), जिला अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ धर्मेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा सोनू कन्नौजिया, महामंत्री मंडल युवा मोर्चा सचिन द्विवेदी, पार्षद समय पटेल, पार्षद सविता बृजेश कुशवाहा एवं पार्षद सरला सिंह, आशा संतोष जायसवाल एवं नगर के गणमान्य नागरिक तथा पत्रकार उपस्थित रहे।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर को मिला स्थाई डॉक्टर**

सोमवार के दिन क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि थी। इस दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर को स्थाई रूप से डॉक्टर की पद स्थापना हो गई है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को एक नई एंबुलेंस मिली है। जो कि क्षेत्र के मरीजों को लाने ले जाने सुविधा प्रदान करेगी। इसे भी मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर नगर को समर्पित किया गया।

### हर घर तिरंगा अभियान रैली का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूजजमुना/बदरा।** 12 अगस्त को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में सेक्टर क्रमांक 4 ब्लॉक अनूपपुर जमुना कॉलरी में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नवांकुर संस्था पसान प्रतिनिधि विकास कुमार प्रस्फुटन समिति भालूमाड़ा, पसान प्रतिनिधि परामर्शदाता श्रीमती शिवानी सिंह, सीएमसीएलडीपी छात्र विद्यालय स्टाफ एवं छात्रों की सहभागिता रही।



### राष्ट्रभक्ति से प्रेरित तिरंगा रैली का किया गया आयोजन

**कोतमा।** हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर में मंगलवार को राष्ट्रभक्ति से प्रेरित तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में मंत्री दिलीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष अजय सराफ, एसडीएम अजीत तिर्की, राजस्व एवं पुलिस अधिकारी शामिल हुए। नगर के शासकीय एवं निजी विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित नगर के व्यापारी, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी शामिल हुए। सभी लोग के हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय एवं देशभक्ति के नारे लगाते हुए पूरे नगर को देश प्रेम से भर दिया। तिरंगा यात्रा अटल चौपाटी से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्ग स्टेशन चौक, पुराना अस्पताल रोड, सब्जी मंडी रोड, आजाद चौक, महावीर मार्ग सहित अन्य प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर गांधी चौक में समापन हुआ। तिरंगा यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन बान और शान का प्रतीक है। सभी नगरवासी अपने अपने घरों में तिरंगा फहराए।

# रखरखाव के अभाव में कालरी क्वार्टर हो रहे जर्जर



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** एसईसीएल जमुना कोतमा एरिया के कालरी क्वार्टर पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं और स्थिति यह है कि यहां रहने वाले लोग परेशानी में हैं। चार दीवारी तक टूटकर गिर रही है जिसके कारण सुरक्षा को खतरा पनप रहा है। वैसे तो एसईसीएल जमुना कोतमा एरिया के विभिन्न कॉलोनियों में श्रमिक आवासों की देखरेख ना होने के कारण कई आवास खंडहर में नजर आने लगे हैं जिसे लेकर लगातार सवाल भी उठ रहे हैं। यहां पर आवास तो खंडहर हो रहे हैं साथ ही आवासों के चारों तरफ बनी दीवार एवं छज्जे भी टूट रहे है।

### यह है आवासों की स्थिति

इस कारण से आवासों में लगे खिड़की दरवाजों के चोरी होने का भी डर बना रहता है। क्योंकि कबाड़ चोरों की सबसे अधिक नजर यहीं पर होती है और पूर्व में कई जगह चोरी की घटनाएं देखी भी जा चुकी हैं। वर्तमान में जमुना कोतमा अंतर्गत गोबिंदा कालोनी की स्थिति यह है कि अधिकांश आवास खंडहर में तब्दील हो रहे हैं जबकि कालरी प्रबंधन के द्वारा हर वर्ष आवास रिपेयरिंग के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर रही है लेकिन धरातल पर स्थित जर्जर बनी हुई है। गोविंदा कॉलोनी में अधिकांश कमरे खाली पडे है और अब देखरेख ना होने के कारण यह धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। वर्तमान में अगर देखा जाए तो कई अधिकारी अभी भी गेस्ट हाउस में रहने को मजबूर हैं। ऐसे में अगर इन बंगलों की मरम्मत करा दी जाए तो अधिकारियों को आवंटित किया जा सकता है।

### चोर हैं चोरी की ताक में

इन आवासों में जो दरवाजे खिड़कियां लगे रहते हैं इन पर चोरों की नजर है और कभी भी इनको चोरी किया जा सकता है। नजारा सिर्फ यही भर नहीं देखा जा रहा है बल्कि विभिन्न कालोनियों में अगर निरीक्षण किया जाए तो सैकडों ऐसे आवास है जो देखरेख न होने के कारण खंडहर में तब्दील होते हुए नजर आ रहे हैं। अगर इनकी देखरेख की जाए तो इनकी हालत इस तरह से ना हो। आज कर्मचारियों को क्वार्टर नहीं मिल रहे हैं जिसके लिए परेशान होते हैं और जो क्वार्टर हैं वह अनदेखी के कारण जर्जर होते जा रहे हैं लोगों ने महाप्रबंधक से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

### कई बार कर चुके हैं शिकायत

गोविंदा कॉलोनी में निवासरत श्रम वीर आवासों की जर्जर हालत को लेकर कई बार प्रबंधन से शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन सिविल विभाग के अनदेखी के कारण जर्जर आवासों की मरम्मत नहीं हो पा रही है यहां तक की सिंगल स्टोरी के आवास बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है और भारी बारिश में परिवार भगवान भरोसे इन आवासों में निवास करने को मजबूर है ।

# बंद और चालू कोयला खदानों के पानी का होगा इस्तेमाल

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** भारत में कुल चालू और बंद 437 कोयला खदानों में पानी की उपलब्धता का अध्ययन सीएमपीडीआइ ने किया है। कंपनी ने पाया है, कि इस पानी का उपयोग किया जा सकता है. इसको कुछ उपचार की जरूरत होगी। इन खदानों में करीब 2.80 लाख किलोलीटर जल संग्रहण की क्षमता है। पश्चिमी देशों में खदानों का पानी अम्लीय होता है। अधिकांश भारतीय कोयला खदानों से निकलने वाला खदान जल तुलनात्मक रूप से अच्छी गुणवत्ता का पाया गया है। मामूली उपचार के बाद ही घरेलू, औद्योगिक और कृषि उपयोग के लिए उपयुक्त हो सकता है। उपचारित जल स्वयंसहायता समूहों (सेल्फ हेल्प ग्रुप्स) की भागीदारी के माध्यम से बोतलबंद पानी के उत्पादन के लिए भी उपयुक्त हो सकता है। सीएमपीडीआइ के अध्ययन ने संभावित अनुप्रयोगों के लिए इसकी गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए मानकों के आधार पर खदान जल की



गुणवत्ता का मानकीकरण किया। इसके अलावा सीएमपीडीआइ ने सिंचाई, सामुदायिक आपूर्ति और बोतलबंद पानी के लिए उपचारित खदान जल के उपयोग पर आगे अनुसंधान करने के लिए झारखंड सहित देश के छह राज्यों में 22 पायलट परियोजनाओं की पहचान की है। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद किये गये इस प्रयास की कोयला मंत्रालय के सचिव ने सीएमपीडीआई कि सराहना की। कोयला कंपनियों को खदान जल के उपचार और पुनः उपयोग के लिए कार्य योजनाएं विकसित करने का निर्देश दिया।

**सर्वप्रथम मप्र की कोयला खदानों को मिले प्राथमिकता**

वर्तमान समय में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड की शहडोल, उमरिया, अनूपपुर में हसदेव क्षेत्र, जमुना -कोतमा क्षेत्र, सोहागपुर क्षेत्र, जोहिला क्षेत्र में खुली खदान वह भूमिगत कोयला खदानो की कई परियोजनाएं शामिल हैं। जिसमें कई खदानें वर्तमान समय में बंद हो चुकी है, और उन खदानों में पर्याप्त मात्रा में पानी है। इसी तरह मध्यप्रदेश में वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड छिंदवाड़ा में तथा नर्शर्दन कोलफील्ड लिमिटेड सिंगरौली में संचालित है। जहां कहीं कोयला खदान है जहां पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है । जिसका उपयोग किया जा सकता है।और इन क्षेत्रों में एक विशेष पहचान मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### शहडोल में उप मुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण




शहडोल। उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल 15 अगस्त को संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। उप मुख्यमंत्री मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे तथा परेड निरीक्षण करेंगे।

### आज विशाल महिला तिरंगा रैली का आयोजन

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया है कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय शहडोल में विशाल महिला तिरंगा रैली का आयोजन 13 अगस्त को प्रातः 11 बजे से गांधी स्टेडियम शहडोल से निकाली जाएगी। यह रैली स्टेडियम से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक होते हुए बाण गंगा मैदान, लल्लू सिंह चौराहा होते हुए के-स्क्वायर तथा गांधी स्टेडियम पहुंचेगी, जहां रैली का समापन किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने महिला तिरंगा रैली में महिला समितियों, लायन्स क्लब, रोटरी क्लब, विभिन्न महिला संगठनों, सामाजिक एवं धार्मिक महिला संगठनों, व्यापारी संगठनों, स्वयं सेवी संगठनों, लाडली बहनों सहित स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की हैं। उन्होंने बताया कि तिरंगा रैली का आयोजन देश के सम्मान का प्रतीक तिरंगा झंडा तथा देश को आजादी दिलाने वाले महानायकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के साथ ही आपरेशन सिंदूर में अपने रण कौशल तथा वीरता के द्वारा देश के दुष्मनों को मारने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करने के लिए किया जा रहा है।

### हर घर तिरंगा अभियान में बने सहभागीः कलेक्टर



शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा है कि देश भक्ति की भावना को जागृत करने एवं स्वच्छता के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने के लिए जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकारबंधु, समाजसेवी, व्यापारी संगठन व आम जनमानस पूरे उत्साह, उमंग, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ सहभागिता निभाएं और अपने-अपने घरो, कार्यालय दुकानों, प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराए और हर घर तिरंगा अभियान बेवसाइट में अपनी सेल्फी अपलोड कर राष्ट्रीय उत्सव में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब एक शक्तिशाली जन अभियान बन चुका है, जिसमें सभी सहभागी बन रहे हैं। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को प्रगाढ़ करना है। तिरंगा, एक अद्वितीय और सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय प्रतीक है, जो शक्तिशाली एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करता है। यह अभियान प्रभावी ढंग से देशवासियों में अपनेपन की सामूहिक भावना को बढ़ावा देता है।

### हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव का किया जाएगा आयोजन

शहडोल। संस्कृति विभाग द्वारा शहडोल जिले के तीन स्थानो में 14 से 16 अगस्त,2025 तक 'श्रीकृष्ण पर्व' हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव का आयोजन किया जायेगा। तीन दिवसीय समारोह में श्रीकृष्ण केंद्रित नृत्य नाटिका, रास लीला एवं भक्ति गीतों के माध्यम से कलाकार सुरों से सुगंधित भक्ति की जमुना में श्रोताओं को गोते लगवाएंगे।समारोह के पहले दिन 14 अगस्त को मानस शहडोल में अरविंद कुमार पटेल, सीधी श्रीकृष्ण केंद्रित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगे। अगली कड़ी में साया बैंड, भोपाल के गायक भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति देंगे। 15 अगस्त को शासकीय संदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में जया सक्सेना, मथुरा की रासलीला प्रस्तुति से होगी। प्रस्तुति में कृष्ण, राधा और गोपियों के प्रेम और आनंद का नाटकीय और नृत्यमय चित्रण होगा। दर्शकों का मन मोहने वाले तत्वों में मोर नृत्य, भजनों की प्रस्तुति और कृष्ण के बचपन की लीलाओं का मंचन किया जायेगा। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रेम में डूबे श्रोताओं को ईशान मिनोचा, जबलपुर और मुनीन्द्र मिश्रा, शहडोल अपने भक्ति गीतों के माध्यम से सुधीजनों को भक्ति रस की धारा में भिगो देंगे। श्रीकृष्ण की भक्ति से सराबोर शहडोल के श्रोताओं को 16 अगस्त को राधास्वामी मंदिर धनपुरी शहडोल में पहली प्रस्तुति इशिता विश्वकर्मा एवं साथी, मुम्बई के भक्ति गीतों की होगी।

# व्याप्त अनियमित्ताओं को लेकर कांग्रेस करेगी जबरदस्त विरोध प्रदर्शन

**नगर परिषद बकहो में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित आमरण अनशन, जांच समिति के गठित होने से फिलहाल टला**

हरिभूमि न्यूज, बुढार।



ब्लॉक कांग्रेस का कमेठी बुढार द्वारा नगर परिषद बकहो में व्याप्त अनियमित्ताओं तथा विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा, कमलेश शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा, नगर परिषद बकहो नेता प्रतिपक्ष रेखा राव, धनपुरी नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष मुबारक मास्टर, बुढार जनपद अध्यक्ष सुश्री उमां धुर्वे की उपस्थिति में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा ने पत्रकारवार्ता अवसर पर बताया कि - व्याप्त अनियमिताओं को लेकर 11 अगस्त से बकहो में आमरण अनशन प्रस्तावित था किन्तु संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास शहडोल द्वारा जांच समिति गठित कर दिये जानें के फलस्वरुप फिलहाल आमरण अनशन जांच रिपोर्ट आनें तक स्थगित कर दिया गया है।

आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा ने कहाकि - कांग्रेस पार्टी विपक्ष में है और सत्तासीन पार्टी नगरीय क्षेत्र में विकास के नाम पर मनमानी में उतारू है, जिसका जवाब कांग्रेस पार्टी जबरदस्त देगी और अनियमितताओं को जनमानस के समक्ष लेकर जायेगी। श्री खनूजा ने कहाकि - कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रिय नेता राहुल गांधी तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी वर्तमान सरकार की नाकामियों को लेकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शित कर रहे हैं और कांग्रेस नेता अब सत्तापक्ष को माकूल जवाब देने सड़कों पर पूरे जोश के साथ उतर चुके हैं, जो कांग्रेस के लिये उपलब्धिपूर्ण है।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने कहाकि - कांग्रेस पार्टी व्याप्त अनियमित्ताओं को अब बर्दाश्त करने वाली नहीं है, विकास कार्य का जमीनी हकीकत कुछ और वर्तमान में देखा जा रहा है।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ने कहाकि - कांग्रेस पार्टी द्वारा विकास के नाम पर की जा रही अनियमित्ता को लेकर बकहो में विरोध प्रदर्शित किया गया और क्षेत्र में निर्माण कार्यों के आने वाली एजेंन्सीयों व ठेकेदारों पर व्यर्थ सत्तापक्ष के लोगो द्वारा निजी लाभ के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो जनभावनाओं के विपरीत है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहाकि - ब्लॉक कांग्रेस बुढार एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी बकहो द्वारा संयुक्त नेतृत्व में नगर परिषद के भ्रष्टाचार को लेकर 6 दिवसीय क्रमिक अनशन पूर्व में किया गया जिस पर तहसीलदार द्वारा आस्वस्त कराये जानें के फलस्वरुप स्थगित कर दिया गया था, किन्तु समय सीमां में जांच नहीं हो पाने के कारण 11 अगस्त से पुनः आमरण अनशन शिकायत के चार बिंदुओं को लेकर प्रस्तावित था, किन्तु नगरी प्रशासन एवं विकास संभाग शहडोल द्वारा चार सदस्यीय टीम जांच हेतु गठित की गई है और एक माह का समय निर्धारित किया गया है, ऐसी लिखित जानकारी प्रदत्त कराये जानें के कारण प्रस्तावित आमरण अनशन स्थागित कर दिया गया है। पत्रकार वार्ता अवसर पर - कांग्रेस नेता अनिरुद्ध सिंह, मंडलम बुढार कांग्रेस अध्यक्ष पवन सोनी, इबरार अहमद, संतोष सिंह, चम्पा केवट, अयोध्या राव, चिंटू विश्वकर्मा, जवाहर राव, अभिषेक द्विवेदी, पुष्पेंद्र शर्मा, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत बनौदा स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली, घर-घर तिरंगा फहराने के लिए किया जागरूक






उमरिया

हर घर तिरंगा स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह के निर्देशानुसार व मार्गदर्शन पर पाली पुलिस व जिले कि सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा बिरसिंहपुर पाली के ग्राम पंचायत बनौदा शासकीय एकलव्य विद्यालय से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली में हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा रैली विद्यालय परिसर से शुभारंभ होकर विभिन्न मुख्य मार्गो से होकर विद्यालय परिसर में समापन की गई। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों को घर-घर तिरंगा की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के द्वारा हर घर तिरंगा लहराएंगे फिर से इतिहास बनाएंगे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि आजादी के 79वां अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा के तहत रैली निकाली गई है। रैली का मुख्य उद्देश्य की तिरंगे के महत्व को हर नागरिक को बताना है। लोगों के मन में राष्ट्र के प्रति राष्ट्रीयता की भावना को जगाने के लिए या रैली निकाली जा रही है।वही तिरंगा रैली में शामिल सभी बच्चे देशभक्ति के गीत गाते दिखाई दिए। तिरंगा रैली में करीब 700 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिन्होंने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थमा हुआ था। स्कूली बच्चे भारत माता की जय, विजय विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा, जैसे राष्ट्र भक्ति के नारों से गगन गूंज मां करते हुए दिखाई दिए। हर घर तिरंगा अभियान वॉलिंटियर हिमांशु तिवारी ने बताया कि ग्राम पंचायत बनौदा में तिरंगा यात्रा निकालकर जहां लोगों को जागरूक किया गया वहीं, उनसे अपील भी की है कि वे अपने अपने घरों में तिरंगा जरूर लगाएं। यात्रा के दौरान सभी के हाथों में तिरंगा था एवं भारत माता की जय जयकार के साथ यात्रा लगातार आगे बढ़ती रही। इस दौरान पुलिस उप निरीक्षक विजय सेन, प्रधान आरक्षक माहा सिंह, विद्यालय प्रभारी प्राचार्य सरिता जैन,हिमांशु तिवारी ,राहुल सिंह, उषा राजपूत, उमेश परिवार, खुशी पटेल, लोकेश मेहरा स्टाफ के सदस्य सहित विद्यालय विद्यार्थी चंद्रक चौधरी, अनामिका शुक्ला ,एकता सिंह ,मुक्ति तिवारी, प्रियांशु सिंह, शिवानी सिंह फूलबाई नापित दुर्गेश सिंह गौड़ रेखा सिंह प्रिया बैग सोमवती नापित मेघा सिंह आंचल बर्मन संगीता सिंह रंजन सिंह राजकुमारी सिंह एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्रा में उपस्थित रहे।

## जैतपुर से बिरौड़ी तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को लेकर विधायक - जयसिंह मरावी के नेतृत्व में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

बुढार ।

विकासखंड बुढार अंतर्गत जैतपुर मुख्यालय से बिरौड़ी तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान एवं स्वतंत्रता के उत्सव, स्वच्छता के संग को लेकर विशाल तिरंगा यात्रा जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्यातिथ्य में निकाली गई, जिसमें विद्यालयीन छात्रों तथा नागरिकों, पंचायत प्रतिनिधियों विभागीयजनों नें अपनी भरपूर सहागिता निभाई।

तिरंगा यात्रा जैतपुर से बिरौड़ी तक लगभग 4 किलोमीटर की रही, जिसमें जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के नेतृत्व में जैतपुर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अमृता गर्ग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मंडल अध्यक्ष सचिन सेठिया, जगदीश रजक, क्षेत्रीय जनपद सदस्य, सरपंच, बी.आर.सी.सी. सीताराम दुबे, संकुल बहगढ़, रसमोहनी, जैतपुर, साखी के प्राचार्य, विद्यालयीन शिक्षक तथा बी.ए.सी., सी.ए.सी., एवं विद्यालय के छात्र-छात्रायें हांथें में तिरंगा लेकर निकले और वीर सपूतों को पुण्य स्मरण करते हुये गगनभेदी नारों के साथ बिरौड़ी स्थित एकलव्य विद्यालय पहुंचे जहां आयोजित विविध कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। हर घर तिरंगा पदयात्रा के साथ बाईक एवं सायकल रैली रही और पूरे उत्साह के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, इसके उपरांत विद्यालयीन छात्र-छात्राओं नें देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुती दी, वहीं क्वीच एवं रंगोली प्रतियोगिता में बढ-चढकर अपनी सहभागिता निभाई, प्रतिभागियों को मुख्यातिथ विधायक श्री जयसिंह मरावी तथा अतिथियों नें पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह वर्धित किये।

## एड्स सघन जागरूकता रैली को सीएमएचओ ने दिखाई हरी झंडी



शहडोल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा ने एड्स संघन जागरूकता रैली को जिला अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला नोडल अधिकारी एड्स नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. वाईके पासवान ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 12 अक्टूबर तक एड्स सघन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान का उद्देश्य 15 वर्ष से 49 वर्ष तक के आयु वर्ग के जनमानस में एच.आई.वी. एड्स के संक्रमण के प्रति जागरूकता, संक्रमण से बचाव के तरीके, एचआईवी मरीजों की जांच एवं उपचार के लिए जागरूक करना है। एड्स संघन जागरूकता रैली में डीपीएम मनोज द्विवेदी, रजनीश गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, डॉ.रवि कतिया, धीरेंद्र श्रीवास्तव सहित षिवानी पैरामेडिकल के प्रशिक्षणार्थी शामिल रहें।

# विश्व हाथी दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



उमरिया । विश्व हाथी दिवस पर बांधवगढ टाईगर रिजर्व के रामा कैंप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाथियों को गुड़, रोटी, केले आदि खिलाया गया तथा इस अवसर पर हाथी संरक्षण के प्रति जागरूकता बढाने और स्थानीय समुदायो के साथ सह अस्तित्व को बढावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। समारोह में बांधवगढ टाईगर रिजर्व में चल रहे हाथी संरक्षण प्रयासों जैसे कि हाल ही में शुरू की गई हाथी ट्रेकिंग और स्थानीय समुदायो के साथ सहयोग पर चर्चा की गई। समारोह में विश्व हाथी दिवस पर स्थानीय समुदायो और आंगुतको को हाथी के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के लिए कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां भी आयोजित की गई। इस अवसर पर हाथियो के व्यवहार,आवास और मानव हाथी संघर्ष को कम करने के उपायो पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उप संचालक विवेक सिंह ने कहा कि बांधवगढ टाईगर रिजर्व न केवल बाघों बल्कि हाथियों जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रजातियो के संरक्षण के लिए भी प्रतिबध्द है। उन्होने रिजर्व की जैव विविधता को संरक्षित करने और मानव वन्यजीव सह-अस्तित्व को बढावा देने के लिए प्रशासन की प्रतिबध्दता दोहराई। कार्यक्रम में आईजी शहडोल जोन अनुराग शर्मा, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू , एसडीओ फारेस्ट, एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह तथा फारेस्ट रेंजर उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

शहडोल।




मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार पीएम ऊषा स्कीम सॉफ्ट कंपोनेंट अंतर्गत महिला आत्मरक्षा कराटे प्रशिक्षण का 15 दिवसीय कार्यक्रम पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, जयसिंहनगर में प्रारंभ हो गया है। उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) भोपाल के तत्वावधान में 12 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के संरक्षण में इस प्रशिक्षण की शुरुआत हुई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की 100 छात्राओं को आत्मरक्षा संबंधी आवश्यक कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि 30 अगस्त 2025 तक चलेगी, जिसमें प्रतिभागियों को कराटे तकनीकों के साथ-साथ मानसिक साहस, त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षा जागरूकता जैसे पहलुओं पर भी मार्गदर्शन मिलेगा।

शुभारंभ अवसर पर उद्यमिता विकास केंद्र शहडोल से रवि कुमार वर्मा, जिला समन्वयक सेडमैप प्रशिक्षक सोहन सिंह, प्रो. प्रमिला वास्केल, एनएसएस प्रभारी मुनव्वर अली, प्रो. आदित्य शुक्ला, डॉ. प्रीति कुशवाहा, डॉ. अर्चना जायसवाल, रागिनी गुप्ता, कुमारी दीपक रानी एवं कार्यक्रम संयोजक दिलीप कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. द्विवेदी ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल छात्राओं की सुरक्षा भावना को मजबूत करेगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल छात्राओं को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर और निडर बनाएगी।

## जनप्रतिनिधि, अधिकारी व जनमानस देश भक्ति की जगा रहे अलख

# जिले में हर घर तिरंगा अभियान उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जा रहा




शहडोल।

जिले में देश भक्ति की भावना की अलख जगाने एवं स्वच्छता के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने के लिए हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान उत्साह, उमंग एवं गर्व के साथ मनाया जा रहा है।

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, शिक्षक, विद्यार्थी व आम जनमानस बढ़ चढक़र सहभागिता निभा रहे है एवं लोगो में देश भक्ति की भावना को जागृत के साथ-साथ स्वच्छता के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने का सन्देश भी दिया जा रहा है।

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत जैतपुर में विधायक श्री जयसिंह मरावी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग की अगुवाई में तिरंगा के साथ बाइक तिरंगा रैली निकाली गई। साथ ही विधायक ने उपस्थिति अधिकारियो व ग्रामवासियों को स्वच्छता के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने की शपथ भी दिलाई।

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत जयसिंहनगर में विधायक शरद कोल, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री काजोल सिंह, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती शिवानी जैन के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई तथा घर-घर का तिरंगा फहराने के लिए लोगो को प्रेरित किया गया। ब्यौहारी नगर में भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे की अगुवाई में तिरंगा का महत्व बताने के लिए तिरंगा रैली निकाली गई तथा हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया।



# कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम पटासी निवासी पूरन नायक ने अपने पुत्र विक्रमादित्य नायक के दाखिला रजिस्टर में उसके माता पिता का नाम सुधरवाने बावत, बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्स पूजा देवी ने अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलवाने बावत, मीना पटेल निवासी ग्राम अखेटपुर ने पति की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्त दिलाने हेतु, शहडोल के घरौला मोहल्ला निवासी मीना सोनी ने राषन कार्ड में बच्चों का नाम जुड़वाने हेतु जन सुनवाई में आवेदन किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### सहयोग के लिए ट्रस्ट ने शिक्षक का जताया आभार



अनूपपुर। विगत पांच वर्षों से जय शंभू देव सेवा संस्थान आरापाठ धाम छिल्पा बम्हनी से जुड़कर मानवता के कल्याण के लिए कल्याणकारी कार्यों मे सहयोग देने के लिए शिक्षक व समाजसेवी बम्हनी निवासी सुशील नापित का ट्रस्ट ने आभार जताया है। ट्रस्ट ने कहा कि श्री नापित द्वारा ट्रस्ट मे प्रतिमाह/वार्षिक लगभग 12 हजार रूपये का सहयोग दिया जाता है। जय शंभू देव सेवा संस्थान के अलावा अन्य मानव कल्याणकारी सामाजिक, धार्मिक संस्थान मे भी श्री नापित का सहयोग रहता है।

### क्रेडिट एक्सेस इंडिया फांउडेशन ने एसपी कार्यालय को दिया वॉटर कूलर



अनूपपुर। सामाजिक दायित्व सीएसआर गतिविधियों के तहत क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन कंपनी द्वारा अनूपपुर क्षेत्र में लगातार जनहितैषी और विकासोन्मुख कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एसपी कार्यालय अनूपपुर में कंपनी की ओर से एक वॉटर कूलर, वाटर फिल्टर तथा पर्यावरण संरक्षण के तहत एक फलदार पौधा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी को भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोतवाली अनूपपुर प्रभारी निरीक्षक अरविंद जैन एवं रक्षित निरीक्षक ज्योति दुबे भी मौजूद रहीं। कंपनी के एरिया मैनेजर राकेश तिवारी ने बताया कि ब्रांच शुरू होने के बाद से संगठन लगातार महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें सामूहिक ऋण उपलब्ध करा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करना और आजीविका के स्थायी साधन उपलब्ध कराना है। महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ कंपनी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाओं को बढ़ावा देने में भी सक्रिय है। इसी पहल के तहत एसपी कार्यालय में पेयजल सुविधा को सुदृढ़ करने और परिसर को हरित बनाने के लिए यह योगदान दिया गया। इस अवसर पर कंपनी के ब्रांच मैनेजर योगेंद्र साहू, असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर मोहन पनिका एवं केंद्र मैनेजर समीर केवट उपस्थित रहे।

### नगर में संचालित हो रहे अवैध अहातों को किसका संरक्षण

अनूपपुर। जिले के विभिन्न नगरों में जगह-जगह अवैध अहाते संचालित हो रहे हैं जहां पर चिकन सेंटर के नाम पर अवैध तरीके से शराब पिलाई व परोसी जा रही है, इनके द्वारा अवैध तरीके से अहाता संचालन के साथ ही अवैध शराब की भी बिक्री की जा रही है, जिसमें अंग्रेजी शराब तथा हाथभट्टी कच्ची शराब शामिल है। जिस पर पुलिस व आबकारी विभाग मूकदर्शक बनी हुई है। जिले के जैतहरी नगर में चारों ओर जगह-जगह अवैध आहातों का संचालन हो रहा है जहां बाकायदे सभी लोगों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही है और उनके द्वारा अवैध अंग्रेजी शराब तथा हाथ पट्टी कच्ची शराब भी परोसी जा रही है। यह सभी दुकान अंडा चना चखना चिकन सेंटर की आड़ में अवैध गतिविधि कर संचालित की जा रही है। इस संबंध में समस्त तरीके से जैतहरी थाना मय स्टाफ को पूरी जानकारी है लेकिन फिर भी इस ओर ना तो पुलिस प्रशासन और ना ही आबकारी विभाग किसी भी प्रकार का ध्यान दे रही है, इससे साफ जाहिर होता है कि इन महाशयों को इन अवैध आहातों के संचालक से बाकायदा भरपूर चढ़ावा मिल रहा है, तभी तो इन्हें जानकारी होने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जन चर्चा का विषय है कि इन अवैध तरीकों से संचालित ठेला, खोपचे और दुकानों को आखिर किसका संरक्षण है, जो यह बेधड़क बिना डर के खुलेआम बस स्टैंड में कंपोजिट शराब दुकान के सामने अगल-बगल, बाजार के पास भोजनालय की आड़ में, नगर पालिका कार्यालय परिषद के पास, गोबरी रोड में जगह-जगह न जाने पूरे शहर में कितने स्थान में इस तरह की अवैध गतिविधि का संचालन हो रहा है और यही शराबी नशे के वशीभूत होकर पूरे शहर में आतंक मचाकर नगर की शांति व व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं।

**इनका कहना है।**

दबिश देंगे और अवैध अहाते को बंद किया जाएगा।

इसरार मंसूरी
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

## भीषण दुर्घटना मे हार्ट पेशेंट पत्नी व बच्चों का टूटा सहारा

# ढोलक वादक की मौत से बेसहारा हुआ परिवार

जिले में 11 अगस्त को हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों में से एक ढोलक वादक अमृतलाल चौधरी थे। वह छत्तीसगढ़ के भजन गायक संजीव टांडिया के साथ ढोलक बजाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे।

फालोअप

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।


हरिभूमि
अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, अमरकंटक, राजेन्द्रग्राम, जैतहरी हरिभूमि 10
भीषण टक्कर के बाद घर में जा पलटी कार
तेज रफ्तार के कहर ने ली 5 की बलि तो 5 जूझ रहे जिंदगी और मौत से



जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर ग्राम उड़तान में अमृतलाल अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे। उनकी 15 वर्षीय बेटी देवकी चौधरी कोतमा के शासकीय कन्या महाविद्यालय में दसवीं कक्षा की छात्रा है। वह हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही है। उनका 7 वर्षीय बेटा अनुज चौधरी दूसरी कक्षा में पढ़ता है। छोटा बेटा अभी तक पिता की मौत को समझ नहीं पाया है और लगातार मां से पिता के बारे में पूछता रहता है। परिवार की स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए है क्योंकि अमृतलाल की पत्नी चंदा चौधरी पिछले 5 सालों से हृदय रोग से पीड़ित हैं। उनके इलाज पर हर महीने 5 हजार रुपये खर्च होते हैं। चंदा ने बताया कि अमृतलाल 10 अगस्त को मनेंद्रगढ़ जाने वाले थे, जहां उन्हें अपने ढोलक की मरम्मत करवानी थी, लेकिन वह 11 अगस्त को गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में पांच अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। अमृतलाल की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। उनके घर के बाहर सन्नाटा पसरा है और परिजन सदमे में हैं। 10 अगस्त को अमृतलाल चौधरी के साले की तबीयत खराब हो गई, जिसकी वजह से वह मनेंद्रगढ़ नहीं जा पाए। फिर 11 अगस्त को सुबह 8 बजे मनेंद्रगढ़ के लिए निकले थे। चूंकि 12 अगस्त को उनका एक ढोलक का प्रोग्राम था। जिसके लिए वह ढोलक को सुधार करवाना चाहते थे लेकिन रास्ते में ही सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। पत्नी चंद चौधरी ने बताया कि ढोलक सुधरवाने के लिए वह मनेंद्रगढ़ गए थे परिवार का भरण पोषण उनके तबला बजाने से ही होता था अमृतलाल चौधरी के चार भाई हैं। चारों ही मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। अमृतलाल की हादसे के बाद आई तस्वीरों में उनका हाथ और शरीर के विभिन्न अंग बाहर निकल आए थे। इस सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को मंत्री दिलीप जायसवाल ने 25-25 हजार रुपए और घायलों को 10 हजार रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की है।

## जन्माष्टमी का त्यौहार हर्षोल्लासपूर्वक मनाने मंदिरों मे की जा रही सजावट

# मूर्तियां भी हो रहीं तैयार, इस साल कीमतों में इजाफा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

16 अगस्त सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को हर्षोल्लास से मनाने के लिए नगर के प्रमुख मंदिरों को सजाने का काम जोरशोर से शुरू हो गया है। जहां एक ओर बाजारों में श्रीकृष्ण व श्रीकृष्ण-राधा की खूबसूरत मूर्तियां बिकनी शुरू हो चुकी हैं, वहीं दूसरी ओर भगवान की रंग-बिरंगी ड्रेस खरीदने वाले ग्राहकों की दुकानों पर भीड़ लगनी शुरू हो गई है। पिछले साल के मुकाबले इस बार मूर्तियां करीब 20 प्रतिशत महंगी हो गई हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार में पांच दिन शेष हैं। इस कारण शहर के मुख्य बाजार में श्रीकृष्ण-राधा की मूर्तियां व पोशाक बेचने वालों की दुकानें पूरी तरह सज चुकी हैं। नए से नए डिजाइन की खूबसूरत मूर्तियां मार्केट में हैं। दुकानदारों ने भगवान की सितारों व मोतियों से बनी पोशाक भी बेचने के लिए सजा ली हैं। दुकानों पर मूर्तियां व पोशाक खरीदने के लिए भींड़ भी जमा होने लगी है। पश्चिम बंगाल से आकर लगभग 20 वर्षों से कोतमा में मूर्ति बनाने का कार्य किया जा रहा है। मूर्तिकार रमेश पाल ने बताया कि इस बार भगवान कृष्ण की छोटी बड़ी मूर्ति मिलकर 50 मूर्तियां बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस बार पेंट एवं सजावट का सामान महंगा होने के कारण मूर्तियों की कीमत भी ज्यादा है। उन्होंने



बताया कि1000 रूपया से लेकर 7000 रूपए तक की मूर्तियां उन्होंने बनाई है। जन्माष्टमी पर्व को पांच दिन शेष हैं जिसके लिए दिन-रात वह एवं उनके सहयोगी मूर्तिकार भगवान कृष्ण की मूर्ति को मूर्ति रूप देने में जुटे हुए हैं।

मूर्तिकार गोपाल पाल ने बताया कि इस बार उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की लगभग 60 मूर्तियां छोटी-बड़ी मिलकर निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि 1200 रूपये से लेकर 4000 रूपये तक की मूर्तियों का निर्माण उनके द्वारा किया गया है। जन्माष्टमी का त्यौहार नजदीक है जिसको देखते हुए दिन रात मूर्तियों को मूर्त रूप देने में लगे हुए हैं।

### मंदिरों में सजावट की तैयारी

नगर के पंचायती मंदिर एवं पुरानी बस्ती में राधा कृष्ण मंदिर को विशेष रूप से सजाने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मंदिर की ओर से कुंज बिहारी मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी मंदिर को नए रूप से सजाया जाएगा। मंदिर को भी बेहद खूबसूरत ढंग से सजाने की कवायद शुरू हो चुकी है, जहां लोग पिछले कई दिनों से तैयारी को लेकर दिन-रात एक किए हुए हैं। पुरानी बस्ती राधा कृष्ण मंदिर में मूर्ति की स्थापना भी की जाती है जिसको लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। कृष्ण-गोपियों की झांकियां बेहद ही सुंदर तरीके से सजाया जायेगा। नगर में विभिन्न जगहों पर भगवान कृष्ण की झांकियां सजाकर प्रतिमा स्थापित की जाएगी इसके लिए अभी से समिति के लोगों ने तैयारी शुरू कर दी गई है



## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा ने जिलेभर में निकाली तिरंगा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित तिरंगा यात्रा राष्ट्र भक्ति, एकता और गर्व का संदेश जन जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की अगुआई में पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंडल अमरकंटक बेनीबारी, करपा राजेंद्रग्राम वेंकट नगर अनूपपुर जैतहरी अनूपपुर ग्रामीण मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य मे कोतमा विधानसभा के राजनगर, बिजुरी राजनगर ग्रामीण कोतमा एवं कोतमा ग्रामीण, पसान मंडल में जिले के उपाध्यक्ष राम अवध सिंह के नेतृत्व मे भव्य तिरंगा तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रत्येक मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा जो विभिन्न गली कूचो से होते हुए नगर का भ्रमण करते हुए कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम तथा देशभक्ति नारो के जय घोष से आजादी पर्व के जश्न को मनाया और हर घर पर तिरंगा लगने का संदेश दिया और तिरंगे के महत्व के बारे में बताया। निकाली गई तिरंगा यात्रा में क्षेत्र की जनता एवं भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी जहां बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए तो वही प्रशासनिक अमला भी इस यात्रा में शामिल होकर हमारे मान सम्मान स्वाभिमान का प्रतीक तिरंगा यात्रा को प्रणाम किया।



## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 52 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 52 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम पुष्पराजगढ़, सभी तहसीलों के तहसीलदारों एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ग्राम दुलहरा तहसील अनूपपुर के बरन पटेल ने पट्टे की भूमि का बटनवारा कराए जाने, ग्राम देवहरा तहसील अनूपपुर के संतोष धुर्वे ने जाति प्रमाण पत्र एवं बीपीएल राशन कार्ड बनाए जाने, ग्राम सेंदुरी तहसील अनूपपुर के रमेश राठौर ने पट्टे की भूमि का नक्शा तरमीम कराए जाने, ग्राम झिरोखा तहसील कोतमा के ईश्वर सिंह ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाए जाने, ग्राम जर्राटोला तहसील कोतमा के छबलू जायसवाल ने भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम क्योटार तहसील जैतहरी की श्रीमती ऊषा बाई भरिया ने बच्चे का आधार कार्ड बनाए जाने, ग्राम तितरीपोड़ी तहसील अनूपपुर के हेतराम गोंड ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

## देश भक्ति और उत्साह से लबरेज कलेक्टर की अगुवाई में निकली तिरंगा बाइक रैली

# बुलेट पर निकले कलेक्टर पंचोली, बाइक पर निकले अधिकारी और पत्रकार



कलेक्टर श्री पंचोली ने आज बाइक पर सवार होकर तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति से ओत-प्रोत रैली में सहभागिता की। यह रैली अमरकंटक तिराहा से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने से होती हुई।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि राष्ट्रध्वज तिरंगा हमारे देश का आन-बान-शान और गौरव है। स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना के प्रकटीकरण का त्यौहार है। हजारों क्रांतिकारियों ने अपनी जान न्यौछावर कर यह आजादी हमें भेंट की है। आज समय आ गया है कि हम उनके ऋण को उतारें। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे "हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता" अभियान वीर क्रांतिकारियों को सच्ची श्रद्धांजलि देने का उत्सव है। देशभक्ति की भावना को जागृत करने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज जिला मुख्यालय अनूपपुर में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत बाइक रैली कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से बाइक रैली के माध्यम से आह्वान किया कि अनूपपुर जिले के हर गाँव, हर कस्बे, हर वर्ग का व्यक्ति अपने घरों, कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थानों में तिरंगा लहराने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि सभी जिलेंवासी अपने घर, प्रतिष्ठान, संस्थान, निजी एवं शासकीय कार्यालय में तिरंगा फहरायें। हम सभी इस अभियान से ऐसे वातावरण का निर्माण करें, जो हमारे देश की "अनेकता में एकता" के ध्येय का प्रत्यक्ष उदाहरण बने। कलेक्टर हर्षल पंचोली की अगुवाई में आज अनूपपुर नगर में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" अभियान में देश भक्ति और उत्साह से लबरेज तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ कलेक्टर श्री पंचोली ने अमरकंटक तिराहे से हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली अनूपपुर नगर के अमरकंटक तिराहा से तुलसी महाविद्यालय तक बाइक रैली हर मन तिरंगा, हर घर तिरंगा, वंदे-मातरम और देशभक्ति के नारों के साथ जन जागरूकता का संदेश देते निकाली गई।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रामकिशोर सिंह राणा पिता- श्री ऋषिराज सिंह निवासी ग्राम पोस्ट- फुनगा तह. व जिला अनूपपुर (म.प्र.) का मूल निवासी हूँ मेरे द्वारा रिलायन्स निप्पोन लाइफ इन्सोरेन्स में पोलसी क्र. - 51140829 करायी गई है जिसमें मेरा नाम रामकिशोर सिंह अंकित है मैं रामकिशोर सिंह राणा एवं राम किशोर सिंह एक ही व्यक्ति हूँ। वर्तमान आधार कार्ड समग्र आईडी के अनुसार रामकिशोर सिंह राणा अंकित किया जावें जिस किसी भी आपत्ति हो तो 30 दिवस के भीतर बीमा कंपनी व रामकिशोर सिंह राणा को सूचित करें। उक्त सूचना जरिये इस्तहार आमजन को सूचित किया जाता है।

रामकिशोर सिंह राणा (एडवोकेट)
पता- जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर,
जिला-अनूपपुर ( म.प्र.) मो.नं.-7354600828

न्यायालयः- मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अनूपपुर, जिला-अनूपपुर म.प्र.

प्रो. कं.-/न्याया/2025 अनूपपुर दिनांक 04/08/2025
(धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम)
प्रोसेस क्रमांक-162/2025
प्रकरण क्रमांक 35ए/2024
तारीख पेशी- 11.09.2025

दिनेश सोनी आयू 39 वर्ष आत्मज रमेश सोनी निवासी ग्राम फुनगा पा. फुनगा थाना भालूमाड़ा तहसील व जिला अनूपपुर म.प्र.....आवेदक
बनाम
पारूल सोनी उम्र 36 वर्ष पत्नी दिनेश सोनी आत्मजा रामावतार सोनी निवासी सोहागपुर वार्ड नं.-04 थाना व तहसील सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र.....अनावेदिका

// इश्तहार //

प्रति,
पारूल सोनी उम्र 36 वर्ष पत्नी दिनेश सोनी आत्मजा रामावतार सोनी निवासी सोहागपुर वार्ड नं.-04 थाना व तहसील सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र..

क्योकि आवेदक दिनेश सोनी ने आपके विरूद्ध व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक-352ए / 2024 दिनेश सोनी बनाम पारूल सोनी दिनांक 24.07.2024 को आवेदन अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 हेतु व्यवहार वाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने किसी अधिकृत अधिवक्ता के द्वारा जिन्हे प्रकरण के तथ्यों का सम्यक ज्ञान हो के द्वारा आगामी सुनवायी तिथि 11.09.2025 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें एवं जिन दस्तावेजों पर आज विश्वास करते हैं उन्हें भी प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण की सुनवाई की जाकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जा सकेगा। उक्त दिनांक 11.09.2025 अवकाश घोषित हो जाने पर अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाने पर प्रकरण की सुनवायी अगले कार्य दिवस को की जावेगी। आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

कृपया ध्यान दें :-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण की सुनवाई मे लिया जायेगा।

सील (मनोज कुमार लढ़िया) प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय अनूपपुर म.प्र.

In The Court Of Civil Judge Class I and Chief Judicial Magistrate, District Court.Anuppur

Presiding Officer: श्री बॉबी सोनकर
संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु (RCSA/94/2025)
ऑचल सिंह V/S प्रधानाध्यापक वगै.
Process Id-53/2025 पेशी दिनांक:-03/09/2025

प्रेषिती- (1) अन्य जिससे संबंधित है।

यह कि प्रार्थी ऑचल सिंह ने आपके विरूद्ध पेपर प्रकाशन के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 11/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

वरिष्ट व्यावहार न्यायाधीश
मुद्रा वरिष्ट खण्ड अनूपपुर जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें- 1. यदि कारणवश उक्त तिथि का न्यायालय अवकाश पर रहेगा। तो अगामी कार्यदिवस यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

## झोलाछाप डॉक्टर ने फिर ले ली एक जान

### गलत इंजेक्शन लगने की वजह से मरीज की मौत, कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।

श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश मंत्री देवी सिंह सेंगर ने गलत इंजेक्शन के कारण मरीज की मृत्यु होने की शिकायत कलेक्टर से की है। शिकायती पत्र मे देवी सिंह सेंगर ने उल्लेख किया है कि पटनाकला निवासी मेरे बड़े पिताजी अभयराज सिंह को मामूली दर्द एवं बुखार आने पर 29 जुलाई को देवहरा में खुले क्लीनिक झोलाछाप डॉक्टर कमलेश गौतम के यहां दिखाने पर उनके द्वारा बिना सोचे समझे इंजेक्शन लगा दिया गया। इंजेक्शन लगाने के दूसरे दिन बडे पिताजी की तबियत और खराब



होती गई, धीरे धीरे इंजेक्शन लगने वाली जगह पर गांठ और सूजन आ गया, तीन से चार दिन के बाद बड़े पिताजी की तबियत और बिगडते हुये चलने फिरने में असमर्थ हो गये। ज्यादा तबीयत बिगडने से 8 अगस्त को भोपाल एम्स हास्पीटल लेकर जाया गया, चिकित्सकों के द्वारा उनका फौरन चेकअप करते हुये बताया कि गलत इंजेक्शन लगने की वजह से स्थिति गंभीर हो गई, इनके बचने के चांस कम है। जांच रिपोर्ट 09 अगस्त को मिलना था तो चिकित्सक ने सलाह दी कि अगले दिन भर्ती कर दीजियेगा तो बगल में रूम लेकर ठहर जाईये। चिकित्सक की सलाह पर किराया का कमरा लेकर वहां ठहरे। रात होते होते सुबह पहर भोर में लगभग 04 बजे उनकी मृत्यु हो गई। झोलाछाप चिकित्सक के गलत ईलाज से बढी तकलीफ की शिकायत 06 अगस्त को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर को करते हुये जांच एवं कार्यवाही की मांग भी की थी लेकिन जिम्मेदार पद पर बैठे सीएमएचओ ने न तो कोई जांच की और न ही कोई कार्यवाही की। शिकायत के बाद लगातार उनसे फोन के माध्यम से संपर्क भी किया जाता रहा है लेकिन उन्होंने हमेशा ही बहाना बनाते हुये शिकायत को संज्ञान में नहीं लिया। श्री सेंगर ने पूरे मामले की जांच करते हुये उचित कार्यवाही करने की मांग की है।